>

Title: Need to increase aerobridge in Surat airport in Gujrat.

श्री सी.आर. पाटिल (नवसारी): धन्यवाद सर, आपने मुझे आज बोलने का मौका दिया है। मेरे संसदीय क्षेत्र नवसारी में स्थित सूरत एयरपोर्ट में रोज पचपन फ्लाइट्स उड़ती हैं। वहां पर आदरणीय प्रधान मंत्री जी की केन्द्र सरकार द्वारा जो केयर की गई है, उसकी वजह से इंटरनेशनल फ्लाइट्स होने के बावजूद कोरोना का एक भी केस सामने नहीं आया है। उसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही मेरे क्षेत्र में डायमंड और टेक्सटाइल्स के साथ जुड़े हुए लोग हैं। वहां से डायमंड का व्यापार दुनिया के अलग-अलग देशों में होता है। वहां उनके ऑफिस वगैरह हैं, जिस कारण उनका आना-जाना होता है। इसके बावजूद गुजरात और सूरत कोरोना वायरस से बचे हुए हैं, क्योंकि सरकार द्वारा पहले से ही केयर की गई है। इसके लिए मैं सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। हमारा जो एयरपोर्ट है, उसमें सुविधा बढ़ाए जाने के लिए मेरी एक रिक्वेस्ट है कि हमारे यहां पांच साल पहले एक फ्लाइट उड़ती थी और आज करीब पचपन फ्लाइट्स उड़ती हैं। लगभग एक लाख तीस हजार पैसेंजर्स हर महीने उसमें प्रवास कर रहे हैं और एयर कनेक्टिविटी का फायदा भी उठा रहे हैं।

(Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

मगर जो एयरोब्रिज हैं, उनकी संख्या दो ही है। उनको भी बढ़ाने की आवश्यकता है साथ ही पैसेंजर भी काफी बढ़ गए हैं, इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस पर भी ध्यान दिया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Kuldeep Rai Sharma are permitted to associate with the issue raised by Shri C. R. Patil.